# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के द्वारा 73वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।

आज दिनांक 26 जनवरी 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के द्वारा 73वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्रों द्वारा कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस चहल द्वारा सुबह 10.30 बजे ध्वजारोहंण किया गया, इस अवसर पर कॉलेज के सचिव सरदार दिलजोंन सिंह ग्रेवाल , शासी निकाय के सम्मानित सदस्य, गुरद्वारा प्रबंधक कमिटी के सचिव समेत सदस्यगण एवं प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद मौजूद थे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया तथा कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया वर्तमान महामारी को एक अवसर के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी ताकि कॉलेज निरंतर व सतत् विकास करता रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस चहल ने इस महामारी के दौर में सतर्क रहते हुए स्वयं को साबित करने की सलाह दी ताकि एक नया अवसर तलाश किया जा सके। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव सरदार दिलजोंन सिंह ग्रेवाल ने आज के दिन की सभी को बधाई देते हुए छात्र- छात्राओं को बाज पक्षी बनने की सलाह दी ताकि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में भी अपना उद्देश्य पूर्ण कर सकें। कॉलेज के प्रो. इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह(भूदा कैंपस))ने मंज़िल मिल जाने के उपरांत भी न रुकने की सलाह दी और निरंतर बढ़ते रहने को ही जीवन का मूल मंत्र कहा। कॉलेज की प्रो. इंचार्ज डॉ. रंजना दास(महिला शाखा) ने देश के संविधान पर गर्व करने के साथ सभी को शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज के कैंपस प्लेसमेंट के द्वारा चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल जीवन की कामना की।

कॉलेज के एन सी सी कैडेट के द्वारा ड्रिल की प्रस्तुति की गई तथा कार्यक्रम में एन एस एस स्वयंसेवकगण भी सीमित संख्या में अपने यूनिफार्म में उपस्थित थे ।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. मीना मलखंडी के द्वारा किया गया तथा प्रो. गोपाल कुमार शांडिल्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया । इस अवसर पर कालेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें।